Seat No. : _______________

XO-106

B.Com. (Sem. II)
April-2013

Economics

(Fundamentals of Business Economics)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (अ) राष्ट्रीय आय किसे कहते हैं ? राष्ट्रीय आय गणना की उत्पादन पद्धति समझाकर उसकी सीमाएँ को बताइये । **6**

अथवा

कुल घरेलू उत्पाद (GDP) और शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) की अवधारणा समझाइये और उनके बीच अंतर बताइये ।

(ब) राष्ट्रीय आय का क्षेत्रीय संयोजन समझाइये । **4**

अथवा

राष्ट्रीय आय मापन की कठिनाइयों का वर्णन कीजिये ।

(क) "कुल घरेलू उत्पाद संकोचक" पर टिप्पणी लिखिये । **4**

अथवा

व्यक्तिगत आय और खर्चपात्र आय के बीच अन्तर बताइये ।

2. (अ) फिशर का विनिमय समीकरण समझाइये । **6**

अथवा

केम्ब्रीज का रोकड़ शेष सिद्धान्त समझाइये ।

(ब) द्रव्य के कार्य समझाइये । **4**

अथवा

द्रव्य के प्रकार समझाइये ।

(क) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा प्रस्तुत द्रव्यपूर्ति के विभिन्न मापदंडों को समझाइये । **4**

अथवा

द्रव्य पूर्ति को प्रभावित करने वाले परिबलों की चर्चा कीजिये अथवा ऋण (credit) के प्रकार समझाइये ।

3. (अ) 'से' का बाजार का नियम मर्यादाओं सहित समझाइये । **6**

अथवा

कुल माँग कीमत और कुल पूर्ति कीमत के आधार पर केइन्स का अपूर्ण रोजगारी पर सन्तुलन सिद्धान्त समझाइये ।

(ब) उपभोग फलन किसे कहते हैं ? उपभोग फलन को प्रभावित करने वाले परिबलों को संक्षेप में समझाइये । **4**

अथवा

औसत उपभोगवृत्ति और सीमान्त उपभोगवृत्ति की अवधारणाओं को उदाहरण सहित समझाइये ।

(क) पूँजी की सीमान्त कार्यक्षमता किसे कहते हैं ? पूँजी साधन की पूर्ति और पूँजी साधन की वार्षिक अनुमानित कमाई का मूल्य समझाइये । **4**

अथवा

विनियोग गुणक सूत्र दीजिये और उसके रिसावों/बहिस्रावों (leakages) को संक्षेप में समझाइये ।

4. (अ) व्यापार चक्र किसे कहते हैं ? व्यापार चक्र के पहलुओं को समझाइये । **6**

अथवा

ब्याज का रोकड़ पसंदगी के सिद्धान्त की आलोचनात्मक चर्चा कीजिये ।

(ब) माँग प्रेरित मुद्रास्फीति को आकृति सहित समझाइये । **4**

अथवा

मुद्रास्फीति की समाज के विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले प्रभावों की चर्चा कीजिये ।

(क) मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए मौद्रिक नीति के परिमाणात्मक साधनों की चर्चा कीजिये । **4**

अथवा

समग्र अर्थतंत्र पर मुद्रास्फीति के प्रभावों की चर्चा कीजिये ।

5. बहुविकल्पी प्रश्न : **14**

(1) $\frac{\text{कुल राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}} =$

(a) व्यक्तिगत आय (b) प्रति व्यक्ति आय

(c) खर्चपात्र आय (d) वास्तविक आय

(2) खर्चपात्र आय अर्थात्

(a) व्यक्तिगत आय – व्यक्तिगत कर

(b) व्यक्तिगत आय + आर्थिक सहायता

(c) व्यक्तिगत आय – कम्पनी कर

(d) व्यक्तिगत आय + कम्पनी कर

(3) कुल राष्ट्रीय उत्पाद =

(a) कुल घरेलू उत्पाद + शुद्ध विदेशी आय

(b) कुल घरेलू उत्पाद + आर्थिक सहायता

(c) कुल घरेलू उत्पाद + कर

(d) व्यक्तिगत आय + कर

(4) निम्नलिखित में से किस सम्पत्ति को एवज़ द्रव्य (near-money) कह सकते हैं ?

(a) सिक्के

(b) स्थायी जमाएँ

(c) माँग जमाएँ

(d) वचनपत्र

(5) रोकड़ शेष समीकरण में द्रव्य के किस कार्य को प्राधान्य दिया जाता है ?

(a) मूल्य संग्रह

(b) विलंबित भुगतान का साधन

(c) विनिमय का माध्यम

(d) मूल्य का मापन

(6) V और T स्थिर हो, तो द्रव्य पूर्ति M में वृद्धि होने पर द्रव्य का मूल्य _________

(a) घटता है ।

(b) बढ़ता है ।

(c) स्थिर रहता है ।

(d) शून्य हो जाता है ।

(7) प्रत्यक्ष ऋण पद्धति में क्या शामिल है ?

(a) अधिविकर्ष

(b) प्रतिभूतियों की खरीद

(c) व्यापारिक बिलों का भुनाना

(d) लीजिंग

(8) विनियोग गुणक सूत्र

(a) $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}$

(b) $K = \Delta Y \cdot \Delta I$

(c) $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} \times 100$

(d) $K = \frac{\Delta Y}{\Delta I} + 100$

(9) सीमान्त बचतवृत्ति और सीमान्त उपभोगवृत्ति का योग ________ है ।

(a) 0 (b) 1

(c) 100 (d) – 1

(10) पूँजी की सीमान्त कार्यक्षमता अर्थात्

(a) लाभ का अपेक्षित दर (b) ब्याज का अपेक्षित दर

(c) विनियोग का अपेक्षित दर (d) विनियोग गुणक

(11) "स्वरूप" की दृष्टि से मुद्रास्फीति के विभिन्न प्रकारों में से एक ________ मुद्रास्फीति हे ।

(a) माँग प्रेरित (b) खर्च प्रेरित

(c) सर्पण (d) खुल्ली

(12) निम्नलिखित में से मौद्रिक नीति का साधन कौन सा है ?

(a) सार्वजनिक खर्च (b) सार्वजनिक आय

(c) कराधान (d) बैंक दर

(13) मुद्रास्फीति के कारण द्रव्य का बाह्य मूल्य

(a) घटता है । (b) बढ़ता है ।

(c) स्थिर रहता है । (d) कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।

(14) निम्न में से कौन सी संज्ञा संकुचित द्रव्य दर्शाती है ?

(a) M_1 (b) M_2

(c) M_3 (d) M_4

____